बीस सूत्री कार्यक्रम

राज्य स्तरीय क्रियान्वयन एवं समन्वय समिति की बैठक 15 जून को

जयपुर, 6 जून। बीस सूत्री कार्यक्रम के उपाध्यक्ष डॉ चंद्रभान की अध्यक्षता में 15 जून 2023 (गुरुवार) को दोपहर 12:00 बजे यहाँ शासन सचिवालय में बीस सूत्री कार्यक्रम की राज्य स्तरीय क्रियान्वयन एवं समन्वय समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी।

इस संबंध में संयुक्त शासन सचिव आयोजना विभाग, श्री सुशील कुमार कुलहरी ने बताया कि बैठक में विभिन्न बिन्दुओं की उपलब्धियों पर विचार विमर्श किया जाएगा। इनमें प्रमुख रूप से वित्तीय वर्ष 2022—23 की उपलब्धियों की समीक्षा, 1 जनवरी 2023 से 31 मार्च 2023 तक की उपलब्धियों की समीक्षा तथा आगामी कार्य योजनाओं पर विचार किया जाएगा। इसके अलावा अध्यक्ष की अनुमति से अन्य बिंदुओं पर भी विचार किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि बैठक में शामिल होने वाले सम्बन्धित विभागों के उच्च अधिकारियों को एजेण्डा में शामिल बिंदुवार सूचना व प्रगति रिपोर्ट 9 जून,2023 को सायं 5:00 बजे तक आयोजना(बीसूका) विभाग के ईमेल आईडी plan-ddtpp@rajasthan.gov.in पर भिजवाये जाने के निर्देश दिये गये है।

--

ऋचा/के.एल मीना